**अभ्यास प्रश्न पत्र-2**

**समाजशास्त्र (039)**

**2020-21**

**समय: 3 घंटे** **अधिकत्तम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. प्रश्न को चार खंडों में विभाजित किया गया है।
2. कुल 35 प्रश्न दिए गए है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
3. खंड- क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये वस्तुनिष्ठ प्रश्न है।
4. खंड- ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये अति लघुत्तरीय प्रश्न है।जिनके लिए 2 अंक निर्धारित है।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकत्तम 30 शब्दों में दीजिए।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है । ये लघुत्तरीय प्रश्न है।जिनके लिए 4 अंक निर्धारित है।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकत्तम 80 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 26-27 केस पर आधारित प्रश्न है जिनमें से प्रत्येक को 1 अंक के 4भागों के साथ रखा गया है जिससे कुल 4 अंक के प्रश्न बनते है।
6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33-35 है। यह दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है जिनमें से प्रत्येक में 6 अंक है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकत्तम 200 शब्दों में दीजिए। दिए गए पैसेज की सहायता से प्रश्न संख्या 35 का उत्तर दीजिए।

# खण्ड - क

1. एक जमाना था जब अकाल व्यापक रुप से बार-बार पड़ते थे । उन दिनों अकाल पड़ने के कई कारण होते थे। जिनमें से एक खेती का वर्षा पर निर्भर होना था। जिससे लोग लोग घोर गरीबी और कुपोषण की हालात में जीवन बिताने को मजबूर होते थे ।जबकि अन्य कारण का संबंध किससे नही है:-

(क) परिवहन (ख) संचार 1

(ग) सिंचाई की सुविधा का अभाव (घ) हरित क्राति

2. पति-पत्नी दोनो नौकरी करते हैं तो बच्चों को शिशुपालन गृह में छोड़ा जाता है। औधोगीकरण के कारण फिर से किस प्रकार के परिवार बनने लगे है जो लुप्तप्राय हो गए थे। 1

3. जनजाति एक आधुनिक शब्द है जिसका प्रयोग उपमहाद्वीप के________ के लिए किया जाता है। 1

(क) प्राचीन निवासी (ख) वन निवासी

(ग) मूलनिवासी (घ) अनैच्छिक निवासी

4 (क) औपनिवेशिक शासन काल के दौर में सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में और विशेष रुप से .............. व्यवस्था में प्रमुख परिवर्तन आए। 1

(क) जाति (ख) सामाजिक

(ग) राजनैतिक (घ) अर्थिक

1

5. "भारत में बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट आने के कई कारण बताए गए है।" निम्नलिखित में से कौन सा लिंगानुपात का कारण नही है:- 1

(क) शैशवावस्था में बच्चियों के देखभाल में धोर उपेक्षा (ख) लिंग विशेष का गर्भपात

(ग) धार्मिक एंव सांस्कृतिक अंधविश्वास (घ) प्रसवपूर्व नैदानिक प्रविधियाँ अधिनियंम

अथवा

5. शैशवावस्था में बालिका शिशुओं में बालक शिशुओं का अपेक्षा रोग की प्रतिरोध क्षमता __________ होती है? 1

(क) बालक की तुलना में अधिक (ख) बालक की तुलना में कम

(ग) बालक के बराबर (घ) बालक की तुलना में शून्य

6. पंचवर्षीय योजनाएं, जनजातीय उप-योजनाएं, जनजातीय कल्याण खंड व विशेष बहुप्रयोजनी क्षेत्र योजनाओं ने आदिवासियों की _______ प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया:- 1

(क) नियंत्रित एकीकरण (ख) निश्चित एकीकरण

(ग) संपूर्ण एकीकरण (घ) आंशिक एकीकरण

7. "उपनिवेशवादी शासन ने भारतीय मजदूरों एंव दक्ष सेवा कर्मियों को जहाजों के माध्यम से सुदूर स्थित उपनिवेशों में भेजा। कितने लोग जहाज पर रास्ते में ही मर जाते थे। जानेवाले में से कुछ लोग कभी स्वदेश लौट कर नही आए। "आज उन भारतीयों के वंशजों को ............... का माना जाता है "। 1

8. कथन को सही या गलत के रूप में चिन्हित करें। 1

विभेदीकरण प्रक्रिया में धनी और धनी हो गए तथा निर्धन भी धनी होते गए।

9. आधुनिक पश्चिम में ................. का तात्पर्य ऐसी प्रक्रिया से है जिसमें धर्म के प्रभाव में कमी आती है। 1

10. रियायत की कमी के कारण उत्पादन लागत में तेजी से _______ हुई है:- 1

(क) बढ़ोतरी (ख) गिरावट

(ग) बराबरी (घ) उछाल 1

11.प्रति एक हजार की जनसंख्या के पीछे जीवित उत्पन्न हुए बच्चों की संख्या को ............कहा जाता है। 1

अथवा

11. 15 वर्ष से कम और 64 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की संख्या...............कहलाती है। 1

12.राष्ट्र एक अनुठे किस्म का समुदाय होता है जिसका वर्णन तो आसान है पर इसे परिभाषित करना कठिन है। 1
अनेक विशिष्ट राष्ट्रों का वर्णन कर सकते है जिसकी स्थापना क्षेत्रीय संस्कृति के किस आधार पर नही की गई थी ?

(क) साझी सांस्कृति

(ख) ऐतिहासिक संस्थाओं

(ग) आर्थिक संस्थाओं

(ध) राजनीतिक संस्थाओं

13. भारत में क्षेत्रवाद भारत की भाषाओं, संस्कृतियों, जनजातियों और धर्मों की विविधता के कारण पाया जाता है।इसे विशेष क्षेत्रों में पहचान चिन्हकों के भौगोलिक संकेन्द्रण के कारण प्रोत्साहन मिलता है और क्षेत्रीय वंचन का भाव अग्नि में घी का काम करता है। इनमें से यह किस से सम्बंधित है 1

(क) भारतीय संघवाद (ख) क्षेत्रीय संघवाद

(ग) राजनैतिक संघवाद (घ) आर्थिक संघवाद

14. दिए गए कथन को सही करें। 1

'जो जन्म से मिला हो, और जो मरने के बाद भी नष्ट न हो वर्ग है'।

15.भारतीय समाज और संस्कृति में 150 सालों के ब्रिटिश शासन के परिणामस्वरुप प्रौधोगिकी, संस्था, विचारधारा और मूल्य जैसे विभिन्न पहलू में परिवर्तन आए। कथन को सही / गलत रुप में अंकित कीजिए। 1

16.प्रवसन करनेवाले मजदूर को जान ब्रेमन ने .................कहा था। 1

## खण्ड-ख

17. "भारत में हरित क्रांति के बाद ग्रामीण समाज में हुए दो परिवर्तन का उदाहरण का उपयोग करते हुए समर्थन में तर्क दीजिए। 2

अथवा

"अक्सर हम सामाजिक विषमता एंव बहिष्कार पर चर्चा करते हैं, क्योंकि वे व्यक्ति से नही वल्कि समूह से संबंधित है"। दो उदाहरण देकर समझाइए । 2

18. भारत के कृषि ढांचे को बदलने के लिए कौन-कौन से भूमि सुधार किए गए हैं? 2

19. भारत को एक अत्यंत विविधतापूर्ण देश मानने के प्रमुख पहलू की पहचान करे। 2

अथवा

भारत में क्षेत्रवाद के उभरने के कारणों के पक्ष में कोई दो तर्क देते हुए स्पष्ट कीजिए। 2

20. अल्पसंख्यक एंव सांस्कृतिक विविधता से संबंधित कानुन संविधान के किस अनुच्छेद पर आधारित है? 2

**21.** बाल स्त्री-पुरुष अनुपात में गिरावट के दो प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए। 2

अथवा

भारत में जनसंख्या विस्फोट के दो प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए। 2

22. वर्ण और जाति किस प्रकार से भिन्न है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें। 2

23. मातृतंत्रात्मक परिवार में स्त्रियों की भूमिका प्रभुत्वकारी होने के दो कारणों को उदाहरण सहित बताइए। 2

24. समाज के उत्थान के लिए महिलाओं का शिक्षित होना जरुरी है ।इस तर्क के पक्ष में दो उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करे? 2

25. मशीनीकरण को रोजगार के लिए खतरा क्यों माना जाता है? इस तर्क के पक्ष और विपक्ष की तुलना कीजिए। 2

## खण्ड- ग

26. भारत विश्व में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है, सन् 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी कुल जनसंख्या 121 करोड़ यानि 1.21 अरब है। भारत की जनसंख्या संवृद्धि दर हमेशा ऊँची नही रही। वर्ष 1901-1951 के बीच औसत वार्षिक संवृद्धि दर 1.33% से अधिक नही हुई जो कि एक साधारण संवृद्धि दर कही जा सकती है।1911से 1921 के बीच संवृद्धि की दर नकारात्मक यानी ऋणात्मक रुप से -0.03% रही।

इसका कारण 1918-19 के दौरान इंफ्लुएंजा महामारी का भीषण तांडव था जिसने लगभग 1.25 करोड़ लोगों यानी देश की कुल जनसंख्या के 5% अंश को मौत के मुँह में ढ़केल दिया था। ब्रिटिश राज से आजादी के बाद जनसंख्या संवृद्धि दर में काफी बढ़ोतरी हुई और बढ़कर 2.2 पर पहुँच गई थी।दिए गए अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या थी- 1

(क) 141 करोड़ (ख) 131 करोड़ (ग) 121 करोड़ (घ) 111 करोड़

(ii) विश्व में सबसे सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश कौन सा है? 1

(iii) इंफ्लुएंजा महामारी का भीषण तांडव............ आया था? 1

(iv) आजादी के बाद संवृद्धि दर बढ़कर 3.2 हो गई थी। (सही / गलत बताइए) 1

अथवा

26. जनजातीय पहचान को सुरक्षित रखने का आग्रह दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि जनजातीय समाज के भीतर भी एक मध्य वर्ग का प्रादुर्भाव हो चला है। विशेष रुप से इस वर्ग के प्रादुर्भाव के साथ ही, संस्कृति,परंपरा,आजीविका यहाँ तक कि भूमि तथा संसाधनों पर नियंत्रण और आधुनिकता की परियोजनाओं के लाभों में हिस्से की माँगें भी जनजातियों में अपनी पहचान को सुरक्षित रखने का आग्रह का अभिन्न अंग बन गई है। इसलिए अब जनजातियों में उनके मध्य वर्गों से एक नई जागरुकता की लहर आ रही है।ये मध्य वर्ग स्वंय भी आधुनिक शिक्षा और आधुनिक व्यवसायों का परिणाम है,जिन्हे सरकार की आरक्षण नीतियों से बल मिला है।दिए गए अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) सरकार की आरक्षण नीतियों से किस वर्ग को बल मिला है। 1

(क) उच्च वर्ग (ख) निम्न वर्ग (ग) मध्य वर्ग (घ) शिक्षित वर्ग

(ii) जनजातीय समाज के भीतर भी एक .............. वर्ग का प्रादुर्भाव हुआ। 1

(iii) जनजातीय अपनी पहचान को सुरक्षित रखने का आग्रह क्यो दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। 1

(iv) जनजातियों में मध्य वर्ग के उदय से जागरुकता उत्पन्न नही हो रही है। 1

27. असक्षमता संबंधी सामाजिक विचारधारा का एक और भी पहलू है। असक्षमता और गरीबी के बीच एक अटूट रिश्ता होता है। कुपोषण,बार-बार बच्चे पैदा करने से कमजोर हुई माताएँ रोग-प्रतिरक्षा के अपर्याप्त कार्यक्रम,भीड़-भाड़ भरे घरों में दुर्घटनाएँ – ये सब बातें एक साथ मिलकर गरीब लोगों में असक्षमता की ऐसी स्थिति ला देती है जो आसान परिस्थितियों में रहनेवाले लोगों की तुलना में काफी गंभीर होती है । इसके अलावा असक्षमता, व्यकित के लिए ही नही बल्कि पूरे परिवार के लिए पृथक्करण और आर्थिक दबाव को बढ़ाते हुए गरीबी की स्थिति पैदा करके उसे और गंभीर बना देती है। इस बात में कोई संदेह नही कि असक्षम लोग गरीब देशों में सबसे गरीब होते है।

दिए गए अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) असक्षमता का संबंध किससे है-

(क) अमीरी (ख) शिक्षा (ग) गरीबी (घ) धर्म। 1

(ii) माताएँ क्यों कमजोर होती है? 1

(iii) असक्षमता, व्यकित के लिए ही नही बल्कि पूरे परिवार के लिए पृथक्करण को बढ़ाते हुए अमीरी की स्थिति पैदा करके उसे सामान्य बना देती है। (सही/ गलत) 1

(iv) असक्षमता आर्थिक दबाव को बढ़ाते हुए ..........की स्थिति पैदा करती है 1

अथवा

27. गुरिल्ला आंदोलन की शुरुआत 24 नवंबर 1968 को गोडापादु के निकट के मैदानी क्षेत्र में गरुड़भद्रा जो कि एक अमीर भूस्वामी की जमीन पर फसल को जबरन कटवाने से शुरु हुआ था।अधिक सार्थक कार्यवाही थी जो कि अगले दिन पहाड़ी क्षेत्र में हुई, जब पार्वतीपुरम एजेंसी क्षेत्र के पैडागोतली गाँव में बहुत से गाँवों के लगभग 250 गिरिजनों ने तीर,धनुष और भालों से भूस्वामी व साहूकारों के घर पर धावा बोल दिया तथा उसके जमा किए हुए धान, चावल व अन्य खाद्य पदार्थों के साथ ही साथ लगभग 20,000 मूल्य की संपति पर कब्जा कर लिया । दिए गए अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) गुरिल्ला आंदोलन का संबंध किस घटना से है – 1

(क) नौकरी पाने से (ख) धर्म अपनाने से (ग) अस्पृस्यता से (घ) जबरन फसल कटवाने से

(ii) गुरिल्ला आंदोलन की शुरुआत कब हुई थी? 1

(iii) गुरिल्ला आंदोलन की शुरुआत गोडापादु के निकट के मैदानी क्षेत्र में ................. से शुरु हुआ था। 1

(iv) गिरिजनों ने बंदुक और बमों से भूस्वामी व साहूकारों के घर पर धावा बोला था। (सही / गलत) 1

28. राज्यों का भाषा के आधार पर पुनर्गठन ने भारत का हित या अहित किया है? तर्क द्वारा स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

पूर्वाग्रह क्या है? यह रुढिवादी धारणाओं पर किस प्रकार आधारित है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 4

29. उपनिवेशवाद में पूंजीवाद वास्तव में बेहतर उपयोगी सिद्ध हुई है। चार तर्कों के आधार पर स्पष्ट करें। 4

30. उपनिवेशवाद के कारण जाति व्यवस्था में क्या- क्या बदलाव आए। 4

**31**. स्वतंत्रता के बाद भारतीय ग्रामीण समाज में हुए परिवर्तन कौन-कौन से थे? स्पष्ट करें। 4

32. सामाजिक आंदोलन क्या है? इसे किस प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है ? वर्णन करें। 4

**खण्ड-घ**

33.हरित क्रांति क्या है? भारत में इसका हुए सामाजिक परिणामों का उल्लेख उदाहरण सहित करें। 6

34. उदारीकरण ने रोजगार के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया है? उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए । 6

अथवा

34. परिवार किसे कहा जाता है? खासी जनजाति में उतराधिकार अधिनियम से महिला एंव पुरुष कैसे प्रभावित होते हैं? स्पष्ट कीजिए। 6

35.किसान आंदोलन या कृषक संघर्ष औपनिवेशिक काल से पहले के दिनों में शुरु हुआ।यह आंदोलन 1858 और 1914 के बीच स्थानीयता, विभाजन, और विशिष्ट शिकायतों से सीमित होने की ओर प्रवृत हुआ। 1859-62का विद्रोह जो नील की खेती के विरुद्ध था, और 1857 का दक्कन का विद्रोह जो साहूकारों के विरोध में था।कुछ मुद्दे आनेवाले समय में भी उपलब्ध थे जो महात्मा गाँधी के आंदोलन में वे आंशिक रुप से स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए।

1. किसान या कृषक आंदोलन किसे कहते हैं? 2

2. किसान आंदोलन के शुरु होने के कौन से कारण थे? 4